web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 24 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 236

# चारधाम यात्रा : दर्शन के इंतजार में 31 लाख लोग

**❑ भीड़ देख सरकार के छूटे पसीने**

**नई दिल्ली । आरएनएस**



दस मई को चारधाम यात्रा की शुरूआत होने के बाद से अब तक दर्जनों से अधिक यात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी कारणों से मौत हो चुकी है। इसके अलावा, यात्रा मार्ग पर भारी भीड़ के कई चौंकाने वाले वीडियो सामने आए हैं। अब केंद्र सरकार ने इसका संज्ञान लिया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से उत्तराखंड में प्रचलित चारधाम यात्रा की ताजा जानकारी ली। भल्ला ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को धामों, यात्रा मार्गों एवं ठहराव स्थलों में यात्रियों की रिपोर्ट हर दिन गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए हैं।

गृह सचिव ने जरूरत पडऩे पर यात्रा मार्ग पर क्राउड मेनेजमेंट के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की मदद लेने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही, उन्होंने भविष्य में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की रणनीति हेतु एक कमेटी गठन के निर्देश दिए। उन्होंने धरातल स्तर पर यात्रा प्रबन्धन पर कड़ी निगरानी पर विशेष बल दिया है।

राज्य की मुख्य सचिव ने केंद्रीय गृह सचिव को जानकारी दी कि राज्य में चारधाम यात्रा में सभी राज्यों विशेषकर, पांच प्रमुख राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से सबसे अधिक यात्री चारधाम पर आते हैं। उनके मुख्य सचिवों को पत्र के माध्यम से तथा व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर अनुरोध किया गया है कि तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन के बाद ही चारधाम पर आए तथा जिस तिथि का रजिस्ट्रेशन हुआ है, उस तिथि को ही आए। उन्होंने बताया कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए 31 मई तक चारधाम यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाई गई है। रतूड़ी ने यात्रा मैनेजमेंट सिस्टम की जानकारी देते हुए जानकारी दी कि पंजीकृत श्रद्धालुओं को बडक़ोट (यमुनोत्री), हीना (गंगोत्री), सोनप्रयाग (केदारनाथ) तथा पाण्डुकेश्वर (बद्रीनाथ) में चेक किया जा रहा है। जानकी चट्टी (यमुनोत्री), गंगोत्री मंदिर (गंगोत्री), स्वर्गारोहिणी (केदारनाथ) तथा आईएसबीटी, बीआरओ तथा माणा (बद्रीनाथ) में धामों के दर्शन हेतु पंजीकृत श्रद्धालुओं को टोकन जारी किए जा रहे हैं। मंदिरों के परिसर में पंक्ति में लगे श्रद्धालुओं के टोकन पर मोहर लगाकर उनके लिए धामों के दर्शनों की व्यवस्था की गई है।

मुख्य सचिव ने जानकारी दी कि 22 मई तक कुल 31,18,926 रजिस्ट्रेशन में से यमुनोत्री हेतु 4,86285, गंगोत्री हेतु 5,54,656, केदारनाथ हेतु 10,37,700, बद्रीनाथ हेतु 9,55,858 तथा हेमकुण्ड साहिब हेतु 84,427 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करवाया है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले सर्वाधिक श्रद्धालुओं वाले 10 राज्यों में क्रमश: उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, बिहार, हरियाणा, पश्चिम बंगाल तथा छतीसगढ़ हैं।

रतूड़ी ने जानकारी दी कि 2024 में यमुनोत्री में 1,38,537 श्रद्धालुओं ने यात्रा सीजन के पहले 10 दिनों में दर्शन किए। यह आंकड़ा गत दो वर्षों से 127 प्रतिशत अधिक है। गंगोत्री धाम में पहले दस दिनों में 1,28,777 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। जो कि गत दो वर्षों से 89 प्रतिशत अधिक है। जबकि, केदारनाथ धाम में इस वर्ष पहले दस दिनों में 3,19,193 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। जो कि गत दो वर्षों से 156 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, बदरी नाथ धाम में इस वर्ष पहले दस दिनों में 1 लाख, 39 हजार 656 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

भल्ला को मुख्य सचिव ने अवगत कराया कि इस वर्ष चारधाम यात्रा के सुचारू संचालन हेतु परिवहन विभाग ने वाहन चालकों की कैपिसिटी बिल्डिंग तथा मेडिकल स्क्रीनिग की व्यवस्था की है। यात्रा रूट के मुख्य प्रवेश स्थलों पर चार हाईटेक चेक पोस्ट बनाए गए हैं। सोनप्रयाग तथा गौरीकुण्ड मार्ग पर शटल सर्विस की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन व्यवस्था द्वारा ग्रीन कार्ड की व्यवस्था की गई है। अभी तक 23063 ग्रीन कार्ड जारी किए गए हैं। टूरिज्म पोर्टल पर पंजीकृत यात्रियों को ट्रिप कार्ड जारी किए जा रहे हैं।

रतूड़ी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा इस वर्ष यात्रा रूट पर 56 टूरिज्म पुलिस स्पोर्ट सेन्टर खोले गए हैं। यात्रा पर निगरानी हेतु 850 सीसीटीवी कैमरा तथा आठ ड्रोन लगाए गए हैं। केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर 1495 वाहनों की क्षमता वाले 20 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। पार्किंग मेनेजमेंट हेतु क्यूआर कोड बेस्ड सिस्टम शुरू किया गया है। यमुनोत्री एवं गंगोत्री यात्रा मार्ग पर वाहनों की नियंत्रित आवाजाही हेतु तीन से चार हॉलण्डिंग पाइंट्स बनाए गए हैं। केदारनाथ मार्ग पर बेहतरीन यातायात प्रबंधन के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। यात्रा मार्ग की सफाई के लिए 657 पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### खाई में पलटी कार, दो बच्चों की मौत

**शाजापुर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर गुरुवार दोपहर सारंगपुर के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इंदौर रेफर कर दिया गया है। जानकारी अनुसार घटना सारंगपुर के पास महू गांव में ब्यावरा से इंदौर की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 8 साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 5 लोग घायल हो गए। जिनमें 4 को गंभीर हालत होने के चलते शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां करीब दो साल की बच्ची निशिका शर्मा ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में अन्य तीन दिनेश शर्मा, पल्लवी शर्मा, उदिका शर्मा को गम्भीर हालत होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया है।

### बाइक पर स्टंट और अश्लील हरकत करने वाले युवक-युवती को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोटा (आरएनएस)।** बाइक पर स्टंट और अश्लील हरकत करने वाले युवक-युवती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों दोस्तों ने यह हरकत कोटा में बूंदी मार्ग पर की। इसका वीडियो भी वायरल हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो पुलिस तक पहुंचा तो उस पर संज्ञान लिया गया। पुलिस अधीक्षक कोटा डॉ. अमृता दोहन ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का पता लगाया गया जो बूंदी रोड का था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक कैथून निवासी मोहम्मद वसीम और उसकी महिला साथी को गिरफ्तार किया गया। बाइक भी जब्त कर ली गई। आगे अनुसंधान जारी है।

### ठाणे की केमिकल फैक्ट्री में जोरदार धमाका, कई घरों में आई दरारें, 6 लोग झुलसे

**ठाणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले से इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां डोंबिवली में गुरुवार को एक रसायन फैक्ट्री में बॉयलर फटने से बड़ा हादसा हो गया। बॉयलर में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई, जिसमें छह कर्मचारी घायल हो गए हैं। आग बुझाने के लिए मौके पर चार से अधिक दमकल की गाडिय़ां मौजूद हैं। घटनास्थल पर मौजूद एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट डोंबिवली एमआईडीसी क्षेत्र के फेज-2 स्थित एम्बर केमिकल कंपनी में हुआ। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि इसे एक किलोमीटर दूर तक सुना गया। उन्होंने बताया कि आसपास की इमारतों के कांच के शीशों में दरारें आ गईं। वहीं, विस्फोट की वजह से आसपास के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी है और जांच की जा रही है।

### पंजाब विजिलेंस द्वारा दर्ज जंग-ए-आजादी मामले में चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने पंजाब के मुख्य सचिव से जंग-ए-आजादी स्मारक मामले में रिपोर्ट मांगी है। विजिलेन्स ब्यूरो ने कल स्मारक निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर वरिष्ठ पत्रकार और अजीत समूह के डॉ बलजिन्दर सिंह हमदर्द समेत 26 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। विपक्षी भाजपा, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल नेताओं ने इसे "प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया था। भाजपा पंजाब अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने इस संदर्भ में निर्वाचन आयोग को पत्र भी लिखा था। चुनाव आयोग ने वीरवार को पंजाब के लिये नियुक्त विशेष पर्यवेक्षक ने इस मामले में पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पंजाब सरकार के मुख्य सचिव से तथ्य आधारित रिपोर्ट मांगने का निर्देश दिया।

### बिहार के मुंगेर में बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए घाटों पर उमड़े लोग

**मुंगेर (आरएनएस)।** बिहार के मुंगेर जिले में गुरुवार को वैशाख पूर्णिमा या बुद्ध पूर्णिमा के दिन विभिन्न गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। शहर के कष्टहरणी घाट, सोझी घाट, लाल दरवाजा घाट, शंकरपुर घाट, श्यामपुर घाट, महुली घाट, टीकारामपुर घाट, घोरघट घाट, बरियारपुर घाट, नौवागढ़ी घाट, मनियारचक घाट, तारापुर दियारा पंचायत घाट सहित विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालु सुबह से ही गंगा स्नान के लिए पहुंच रहे हैं।

# 16 साल की सौम्या ने किया एवरेस्ट फतह

**नई दिल्ली । आरएनएस**



सोलह साल की काम्या कार्तिकेयन माउंट एवरेस्ट के शिखर पर नेपाल की तरफ से पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मुंबई की 12वीं कक्षा की छात्रा की इस उपलब्धि पर भारतीय नौसेना ने गुरुवार को उन्हें बधाई दी। काम्या ने अपने पिता और नौसेना अधिकारी कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ 20 मई को 8,849 मीटर ऊंचे पर्वत शिखर को फतह करने का कारनामा कर दिखाया था।

नौसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, काम्या ने सात में से छह महादेशों के सबसे ऊंचे पर्वत शिखरों पर पहुंचने में अदम्य और सतत साहस का परिचय दिया है। भारतीय नौसेना सभी सात महादेशों के सर्वोच्च शिखरों पर फतह हासिल कर ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की लडक़ी बनने की उनकी महत्वाकांक्षा के लिए युवा काम्या को शुभकामनाएं देती है।

काम्या का अगला लक्ष्य इस साल दिसंबर में अंटार्कटिका का माउंट विनसन मैसीफ को फतह करना है। यह मुकाम हासिल करते ही वह सभी सात महादेशों के सर्वोच्च शिखरों पर पहुंचने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लडक़ी बन जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2020 के 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा था कि छोटी उम्र की काम्या कार्तिकेयन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

जनवरी 2021 में उन्होंने युवा पर्वतारोही (जो उस समय मात्र 13 साल की थी) से वर्चुअली संवाद किया था। उन्होंने राष्ट्रपति बाल पुरस्कार प्राप्त करने पर सौम्या को बधाई देते हुए उसे और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए शुभकामनाएं दी थीं।

# प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द किया जाए', विदेश मंत्रालय से कर्नाटक सरकार की गुजारिश

**बेंगलुरू । आरएनएस**



कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की मांग उठाई है। साथ-साथ उनकी भारत वापसी के लिए तत्काल प्रभाव से ठोस कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इसके बाद विदेश मंत्रालय एक्शन मोड में दिखाई दे रहा है। इस संबंध में कार्रवाई की जा रही है। प्रज्वल रेवन्ना कथित बलात्कार और यौन उत्पीडऩ के आरोपों का सामना कर रहा है। वह देश छोडक़र भाग गया है। उसकी गिरफ्तारी वारंट के बाद रेड कॉर्नर नोटिस जारी भी किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि ये शर्मनाक है कि प्रज्वल रेवन्ना अपने जघन्य कृत्यों की खबर सामने आने के तुरंत बाद और अपने खिलाफ पहली एफआईआर दर्ज होने से कुछ घंटे पहले अपने राजनयिक पासपोर्ट का इस्तेमाल करके 27 अप्रैल 2024 को देश छोडक़र जर्मनी भाग गया। बीते दिन कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा था कि केंद्र ने महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जेडीएस नेता के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर प्रज्वल रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने के अनुरोध का जवाब नहीं दिया है। हालांकि परमेश्वर ने यौन शोषण से संबंधित मामलों को संभालने में राज्य सरकार की ओर से हुई चूक इनकार कर दिया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि एसआईटी सभी एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है. वहीं, जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी भी प्रज्वल रेवन्ना से कर्नाटक लौटने और जांच में शामिल होने की अपील कर चुके हैं। कुमारस्वामी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार पर इस मुद्दे का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया।

# सोलापुर डैम में नाव पलटने की घटना में पांच शव बरामद

**❑ एक किशोर अब भी लापता**

**सोलापुर । आरएनएस**



राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एडीआरएफ) ने यहां उजनी डैम में नौका डूबने की घटना में लापता छह में से पांच लोगों के शव निकाल लिए हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि एक ही परिवार से चार सदस्यों और एक नाविक का शव बरामद किया गया है।

एनडीआरएफ और पुलिस बचाव दल ने जाधव परिवार और नाविक अनुराग अवघड़े के शव डैम से बाहर निकाले हैं।

इंदापुर थाने के इंस्पेक्टर सूर्यकांत कोकणे ने आईएएनएस को बताया, बुधवार को दिन भर चले ऑपरेशन के बाद हमने पांच पीड़ितों के शव बरामद किये हैं। एक किशोर गौरव डोंगरे अब भी लापता है। हमने उसकी तलाश के लिए नये सिरे से ऑपरेशन शुरू किया है।

उन्होंने बताया हादसे की शिकार नाव भी निकाल लिया गया है। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल भी डैम से मिली है जो हादसे में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति राहुल डोंगरे की बताई जा रही है। वह कल देर रात तैरकर सुरक्षित स्थान पर चला गया था।

यह दुर्घटना मंगलवार देर रात हुई थी। डैम के बैकवाटर में सोलापुर के कुगांव और पुणे के कलाशी के बीच नियमित रूप से यात्रियों को ले जाने वाला मोटर बोट अचानक आये तूफान के कारण पलट गई थी।

सोलापुर पुलिस ने बताया कि नाव में सात लोग सवार थे। वे कुगांव से कलाशी जा रहे थे। बीच रास्ते में अचानक मौसम बदल गया। तूफान के कारण डैम के पानी में लहरें उठने लगीं और नाव पलट गई।

जिन लोगों के शव बरामद हुए हैं उनकी पहचान गोकुल जाधव (30), उनकी पत्नी कोमल (25) और दो बच्चे – तीन साल की माही तथा एक साल के शुभम के रूप में हुई है। नाविक अनुराग अवघड़े की उम्र 35 साल थी।

दुर्घटना में सुरक्षित बचे डोंगरे ने कलासी गांव पहुंचकर लोगों को हादसे के बारे में बताया। इसके बाद पुणे पुलिस और जिला प्रशासन को जानकारी दी गई।

बुधवार को एनडीआरएफ ने पेशेवर तैराकों के साथ तलाशी अभियान शुरू किया था।

# नदी में डूबे बच्चों की तलाश में निकली टीम के साथ हादसा, नाव पलटने से 3 जवान शहीद

**अहमदनगर । आरएनएस**



महाराष्ट्र के अहमदनगर से बड़ी खबर सामने आई है। प्रवरा नदी में डूबे दो बच्चों की तलाश के लिए गए एसडीआरएफ के जवानों की नाव तेज बहाव के कारण डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की बोट ही पानी में डूब गई और तीन जवान शहीद हो गए। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

दरअसल, दो बच्चों के डूबने की सूचना मिलने के बाद मौके पर एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। तलाश करने के दौरान एक बच्चे का शव भी मिला और दूसरे का शव नहीं मिला था ऐसे में एसडीआरएफ टीम ने 23 मई की सुबह छह बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इस पूरी घटना में अब तक पांच लोगों की मौत हो गई है, जिसमें दो बच्चे और तीन जवान शामिल है। दो जवानों का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कुछ दिन पहले नदी में गांव के दो बच्चे डूब गए थे, एसडीआरएफ के जवानों ने प्रवरा नदी में डूबे दोनों लोगों की तलाश शुरू कर दी। लेकिन बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नदी के बहाव में पानी की गति काफी तेज हो गई। पानी का बहाव तेज हो जाने के कारण नाव गति संभाल नहीं पाई और पानी के बहाव में डूब गई। इस हादसे में तीन जवान शहीद हो गए हैं।

# राजस्थान के दौसा में शादी समारोह में फूड पॉइजनिंग से 107 लोग बीमार

**दौसा । आरएनएस**

राजस्थान के दौसा जिले के लालसोट क्षेत्र में फूड पॉइजनिंग के चलते 107 लोग बीमार हो गए। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के बिलोना गांव में बुधवार की रात भात के कार्यक्रम दौरान इन लोगों ने मिश्री मावा खाया था।

लालसोट के मुख्य प्रखंड चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) डॉ. पवन जैन ने बताया कि बीती रात बिलोना गांव में एक शादी मे भात का कार्यक्रम चल रहा था। इन लोगों ने कार्यक्रम में मिश्री मावा खाया और कुछ देर बाद पेट दर्द, उल्टी, दस्त की शिकायत होने लगी। बिलोना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक-एक करके फूड प्वाइजन के शिकार लोगों को भर्ती कराया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलोना पर धीरे-धीरे लोगों की फूड पॉइजनिंग के शिकार लोगों की संख्या बढ़ती गई और बीमारों की संख्या 107 हो गई। उधर 80 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कर इलाज किया गया इसके बाद भर्ती मरीजों के लिए बेड कम पडऩे और हालत गंभीर होने के चलते कुछ मरीजों के जिला अस्पताल लालसोट में रेफर किया गया, जहां 27 लोगों का इलाज किया गया। दौसा के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीताराम मीणा, लालसोट के बीसीएमओ सहित विभाग के कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे। सीएमएचओ ने बताया कि रात 12 बजे से फूड प्वाइजनिंग के मरीजों का आना शुरू हुआ और तडक़े चार बजे तक इन लोगों की संख्या 107 हो गई फिलहाल तमाम भर्ती मरीजों की तबीयत में सुधार होने के चलते सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

# एल्विश यादव का रेव पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल से इनकार

**0 चार्जशीट में खुलासा**

**नोएडा । आरएनएस**

यूट्यूबर एल्विश यादव और उसके साथियों के खिलाफ पुलिस अदालत में 1,200 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। इसमें उससे पूछे गए बयान के साथ-साथ अन्य सभी साक्ष्यों को भी दर्ज किया गया है, जिन्हें पुलिस ने जुटाए थे। आरोपी से पूछे गए सवालों के जवाब में काफी विरोधाभास देखने को मिला है।

दरअसल, पिछले महीने पुलिस ने इस मामले में एल्विश और उसके आठ अन्य साथियों के खिलाफ 1,200 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी। अब इस चार्जशीट के कुछ विवरण सामने आये हैं। पुलिस ने एल्विश यादव से सांप और जहर पार्टी को लेकर कई सवाल किए। हर बार उसने जानकारी नहीं है जवाब दिया। उसने सभी आरोप को गलत बताया।

जब उससे पूछा गया कि पार्टी में कौन-कौन आया था, उसने जानकारी नहीं है कहकर टाल दिया। पार्टियां किसने ऑर्गेनाइज की, कौन दोस्त शामिल हुए, सांप कहां से आए, जहर किसने निकाला, सांपों का क्या हुआ – ऐसे तमाम सवालों के जवाब एल्विश ने नहीं दिए।

चार्जशीट में पुलिस ने बताया है कि एल्विश सीधे किसी संपेरे को नहीं जानता है। वह सीधे राहुल संपेरे से बातचीत नहीं करता था। अपने साथी विनय यादव के जरिए वह ईश्वर यादव के संपर्क में था। ईश्वर अपने अन्य साथी के जरिए राहुल से संपर्क करता था। एल्विश यादव अपने साथियों से बातचीत के लिए वर्चुअल नंबर का इस्तेमाल करता था।

चार्जशीट में पुलिस ने बताया कि एल्विश यादव से उसके निजी जीवन से जुड़े कई सवाल पूछे गए, जिनमें उसका और उसके पिता का नाम, घर का पता, एजुकेशन और उसकी कमाई का जरिया शामिल था। इसके जवाब में एल्विश ने बताया कि वह यूट्यूब के जरिए महीने में 35-40 लाख रुपए कमाता है।

एल्विश ने बताया कि इसके अलावा उसने कोई सिस्टम ज्वाइन किया है। उस सिस्टम से भी 8-10 लाख मिलता है। कुल मिलाकर उसकी महीने की इनकम 50 लाख से ऊपर है। एल्विश ने अपने दोस्तों की सूची में लव कटारिया, शुभम, पीयूष, दीपक, धीरज जोरवाल और विनय यादव के नाम लिये हैं। सभी दोस्त विनय यादव का रेस्टोरेंट पर एक साथ बैठते थे।

एल्विश ने पुलिस को दिये बयान में कहा है कि वह कभी नशा नहीं करता है। लेकिन सांपों के साथ कुछ वीडियो शूट करने की बात उसने मानी है। उसने बताया कि पार्टी में सांपों के जहर इस्तेमाल के बारे में उसे पता नहीं था। पुलिस के बाद अब ईडी भी एल्विश यादव केस में मनी लॉन्ड्रिंग समेत अन्य आरोपों की जांच कर रही है।